# यूनाइटेड थ्रिफ्ट एण्ड क्रेडिट को.ओ. सोसाईटिज़ फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड

1. यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोओपरेटिव सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली का पंजीयन सितंबर 2019

2. दिनांक 28/09/2019 यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोओपरेटिव सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली का उद्घाटन एवं वेबसाइट का अनावरण दिनांक 28/09/2019 शनिवार को एन. सी. यु. आई. नई दिल्ली में यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोओपरेटिव सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली का उद्घाटन एवं वेबसाइट का अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता श्री ज्योतिन्देर भाई मेहता अध्यक्ष नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोआसेपरेटिव बैंक एंड क्रेडिट सोसाइटीज लिमिटेड, मुख्य वक्ता सहकार भारती के राष्ट्रीय महामंत्री श्री डा उदय जोशी, अध्यक्षता फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष श्री सुनील गुप्ता, संचालक श्री प्रवेश कुमार गुप्ता फेडरेशन के संस्थापक महामंत्री, श्री एन वी पटेल निदेशक छ।थ्ब्न्ट, श्री गौतम व्यास निदेशक छ।थ्ब्न्ट, श्री कांति भाई चेयरमैन गुजरात क्रेडिट सोसायटी फेडरेशन, श्री अशोक डब्बास संचालक भारतीय राष्ट्रीय श्रम सहकारी संघ, श्री जय प्रकाश गुलाटी अध्यक्ष केशव सहकारी बैंक दिल्ली, श्री जगदीश कक्कड़ संगठन प्रमुख सहकार भारती दिल्ली प्रदेश उपस्थित रहे ।

3. दिनांक 15 नवम्बर 2019 युनाइटेड थ्रिफ्ट एडं क्रेडिट को ओ. सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली द्वारा नेशनल को –ओ. यूनियन ऑफ ईंडिया क सहयोग से क्रेडिट सोसायटीओ के संदर्भ में आयकर और जी. एस. टी के प्रावधानों विषय पर संगोष्ठी कॉन्फ्रेंस हाल प्रथम तल नेशनल को –ओ. यूनियन ऑफ ईंडिया अगस्त क्रांति मार्ग, नजदीक श्री फोर्ट ओडोटोरियम नई दिल्ली में हुआ।

4. सहकार उत्सव 2020 - 12 जनवरी रविवार को दिल्ली हाट पीतमपुरा में यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली द्वारा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम युवा सहकार पर संगोष्ठी ( 180 प्रतिभागी ), सवच्छ भारत स्वस्थ भारत दौड़ ( 730 प्रतिभागी ), निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ( 148 व्यक्तियों ने जांच कराई ) , रक्त दान शिविर ( 30 यक्तियों ने किया ) सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड़ नाटक, खेल कूद प्रतियोगिताएं और सहकारिता क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली 5 प्रकार की सहकारी संस्थाओ और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री उदय जोशी राष्ट्रीय महामंत्री सहकार भारती, डा सतीश मखीजा संघ चालक RSS झंडेवाला विभाग, डा मलिका कुमार प्रवक्ता श्री राम महाविद्यालय, श्री डी. एन. ठाकुर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहकार भारती, श्री जय प्रकाश गुलाटी अध्यक्ष केशव सहकारी बैंक, श्री सुशिल तायल कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान धाम रामपुर रहे। लगभग 2000 लोगो ने भाग लिया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात् लोहड़ी का कार्यक्रम भी नानाया गया ।

5. दिनांक 29 फरवरी 2020 यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को. ओ. सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली विशेष आम सभ चुनाव अधिकारी श्री जनार्दन प्रसाद जी की उपस्तिथि में हुई । चुनाव अधिकारी श्री जनार्दन प्रसाद जी द्वारा फेडरेशन की वर्ष 2020 से वर्ष 2023 के कार्यकाल के लिए निर्विरोध निर्वाचित प्रबंधक समिति की घोषणा करी और श्री सुनील गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

6. कोरोना वायरस के कारण लॉक डाउन से प्रभावित क्रेडिट को. ओ. सोसायटियों को बैंको की तरह राहत प्रदान करने हेतू श्री राजेन्द्र पाल गौतम सहकारिता मंत्री दिल्ली सरकार को दिनांक 27 -03-2020 को ज्ञापन भेजा गया ।

7. क्रेडिट को-औपरेटिव सोसाइटियो हेतु लोन मोरेटोरियम का प्रावधान हेतु श्री मती निर्मला सीतारमण को दिनांक 01-05-2020 को ज्ञापन भेजा गया ।

8. कोरोना वायरस के कारण लॉक डाउन से प्रभावित क्रेडिट को. ओ. सोसायटियों को ऋण स्वरुप वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतू श्री अरविन्द केजरीवाल मुख्य मंत्री दिल्ली सरकार क दिनांक 07-05-2020 को ज्ञापन भेजा गया।

9. कोरोना वायरस के कारण लॉक डाउन से प्रभावित को. ओ. सोसायटियों द्वारा सहकारिता अधिनियम के तहत संपादित किए जाने वाले अनिवार्य प्रावधानों की समय सीमा बढ़ाने हेतू। श्री वीरेंद्र कुमार पंजीयक सहकारी संस्था दिल्ली को दिनांक 09 -05-2020 को ज्ञापन भेजा गया ।

10. दिनांक 20 मई 2020 को दिल्ली राज्य सहकारी संघ के प्रशिक्षण केंद्र के सहयोग से यूनाइटेड थ्रिफ्ट एन्ड क्रेडिट सोसायटिज फेडरेशन आफ दिल्ली के प्रयास से साइबर सिक्योरिटी विषय पर आन लाइन प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुआ जिसमें विभिन्न क्रेडिट सोसायटिओं के 34 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण श्री एस. सी. प्रधान प्रधानाचार्य दिल्ली राज्य प्रशिक्षण केंद्र जी द्वारा प्रदान किया गया।

11. कोरोना वायरस से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता हेतु फेडरेशन द्वारा 25 हजार रूपये और फेडरेशन की सदस्य सोसायटीओ के द्वारा लगभग 5 लाख का अनुदान दिया गया और भोजन सामग्री मास्क इत्यादि बांटे गए ।

12. फेडरेशन द्वारा सहकारी शिक्षा पर्यटन का कार्यक्रम सिक्किम सहकारी शिक्षण संस्था का तय किया गया परन्तु कोरोना की वजह से नहीं जा पाए ।

13. फेडरेशन द्वारा 7 जुलाई 2020 सहकारिता दिवस पर जलवायु परिवर्तन एवं सहकारिता से पर्यावरण संरक्षण पर वीडियो कांफ्रैंसिंग से व्याख्यान किया गया ।

14. दिनांक 10- 07- 2020 को को-ओपरेटिव सोसायटियों द्वारा संपादित कि जाने वाली वार्षिक आम सभा और प्रबंधक समिति चुनाव के संदर्भ में आदरणीय महामहिम उप-राज्यपाल दिल्ली सरकार को ज्ञापन दिया गया ।

15. दिनांक 31- 08- 2020 को अनलॉक 4 के दिशा निर्देशों के अनुसार आम सभा एवं चुनाव कराने की अनुमति दिए जाने हेतू श्रीमान विरेंद्र कुमार जी पंजीयक , सहकारी संस्था दिल्ली को ज्ञापन दिया गया ।

16. दिनांक 7 अगस्त 2020 को दिल्ली राज्य सहकारी संघ के चुनाव के संदर्भ में दिल्ली राज्य सहकारी संघ में लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने हेतु युनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटिज फेडरेशन आफ दिल्ली लिमिटेड के द्वारा पंजीयक सहकारी संस्था दिल्ली को ज्ञापन दिया गया।

17. दिनांक 11 अगस्त 2020 को Google Meet पर दिल्ली का सहकारिता परिदृश्य विषय पर व्याख्यान मुख्य अतिथि श्री श्याम जाजू निदेशक केशव सहकारी बैंक रहे ।

18. दिनांक 3 दिसम्बर 2020 को भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री दिलीप भाई संघानी जी का नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम हुआ ।

19. दिनांक 11 जनवरी 2021 भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में समग्र आर्थिक विकास के सन्दर्भ में सहकारिता – एक सिंहावलोकन संवाद एवं परिचर्चा आयोजित की गई।

20. दिनांक 18 अप्रैल 2021 को फेडरेशन की सदस्यता, कार्य एवं उपलब्धियां विषय पर श्री अग्रसेन थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-आपरेटिव सोसाइटीज लिमिटेड कार्यालय पर कार्यक्रम हुआ ।

21. 14 अगस्त 2021 को भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ सभागार में वार्षिक आम सभा एवं सहकारिता के स्वर्णिम अध्याय एवं वर्तमान परिपेक्ष्य में सहकारिता का भविष्य विषय पर संगोष्ठी एवं केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार श्री बी एल वर्मा जी का अभिनन्दन किया गया ।

22. फरवरी 2022 से फेडरेशन की सदस्य सोसायटियो को ऋण प्रदान करना प्रारम्भ हुआ ।

23. दिनांक 7 जून 2022 को महामहिम उप राज्यपाल श्री विपिन कुमार सक्सेना जी और पंजीयक सहकारी संस्था दिल्ली को सहकारी संस्थाओं की ज्वलंत समस्याओं पर ध्यानकर्षण हेतु ज्ञापन प्रदान किया गया ।

24. आजादी का 75 वां वर्ष स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव के अवसर सहकार संपर्क यात्रा के तहत 24 जून 2022 से सम्पर्क अभियान प्रारम्भ हुआ । सम्पर्क अभियान के तहत सहकारी सँस्थाओं और उनके पदाधिकारियों से सम्पर्क कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, सहकारिता ध्वज और फेडरेशन का प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया ।

25. दिनांक 27 जून 2022 से 29 जून 2022 क्रेडिट सोसायटियों के निदेशक और कर्मचारियों हेतू सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम भारती राष्ट्रीय सहकारी संघ सभागार में हुआ ( क्रेडिट सोसायटियों के 13 पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

26. दिनांक 24 अगस्त 2022 से 29 अगस्त 2022 में अंतर राज्य शैक्षणिक भ्रमण भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ की अंतर राज्य शैक्षणिक भ्रमण योजना के तहत दिल्ली की 11 थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट को-ओपरेटिव सोसाइटी के 19 प्रतिनिधि (जिसमें 4 महिला प्रतिनिधि ) कर्नाटक राज्य की श्रेष्ठ सहकारी संस्था क्षेत्रीय सहकारी शिक्षण संस्थान ( RICM ) पदभनाभा नगर, बेंगलुरु, कर्नाटक, टुमकुर मर्चेंट क्रेडिट को-ओपरेटिव सोसाइटी, टुमकुर, कर्नाटक, कर्नाटक राज्य सौहार्दा फेडरल को-ओपरेटिव लिमिटेड कर्नाटक मारगोसा रोड, मालेश्वरम, बैंगलोर,कर्नाटक राज्य दूग्ध महासंघ से सम्बन्धित मदर डेयरी दूग्ध उत्पादन और वितरण केन्द्र येलहनका, बैंग्लोर, कर्नाटक, वाग्देवी क्रेडिट को-ओपरेटिव सोसायटी लिमिटेड मैसूर, कर्नाटक, विकास अर्बन सौहार्दा को-ओपरेटिव बैंक लिमिटेड, स्टेशन रोड़ हास्पेट का भ्रमण किया ।

27. दिनांक 28 जून 2022 से दिनांक 30 जून 2022 क्रेडिट सोसायटियों के निदेशक और कर्मचारियों हेतू सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम भारती राष्ट्रीय सहकारी संघ सभागार में 8 क्रेडिट सोसायटियों के 13 पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

28. दिनांक 6 सितम्बर 2022 से दिनांक 8 सितम्बर 2022 क्रेडिट सोसायटियों के निदेशक और कर्मचारियों हेतू सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम भारती राष्ट्रीय सहकारी संघ सभागार में 19 क्रेडिट सोसायटियों के 28 पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

29. वार्षिक आम सभा 31 अक्टूबर 2022 हरियाणा भवन नई दिल्ली में सम्पन्न हुई।

30. दिनांक 20 नवम्बर 2022 को 69 सहकारिता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय पंचायत परिषद कार्यालय मयूर विहार दिल्ली में हुआ । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री दीनानाथ ठाकुर राश्ट्रीय अध्यक्ष सहकार भारती, श्री बाल्मीकि प्रशाद सिंह अध्यक्ष अखिल भारतीय ग्रहाक परिषद, श्री किशोर सारसर महामंत्री विवेकानंद हेल्थ एंड केयर को. ओ. रहे ।

31. दिनांक 21 जून 2023 को चौलेंज बिफोर अर्बन को-ओपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी विषय पर सेमिनार का आयोजन एल आई एन ए भारतीय सहकारिता विकास निगम गुरुग्राम हरियाणा में सेमीनार आयोजित किया गया ।

32. दिनांक 1 और 2 जुलाई 2023 को एनएसयूआई द्वारा आयोजित सहकार महासम्मेलन में फेडरेशन के माध्यम से 41 क्रेडिट सोसाइटियों के 130 प्रतिनिधियों ने दिल्ली के प्रगति मैदान के भारत मंडप में भाग लिया कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किया गया ।

33. दिनांक 18 सितंबर 2023 को यूनाइटेड शिफ्ट एंड क्रेडिट को-ओपरेटिव सोसाइटीटी फेडरेशन की विशेष आमसभा पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,संस्कार भारती कार्यालय में संपन्न हुई । चुनाव अधिकारी श्री राकेश कोहली जी के द्वारा चुनाव संपन्न कराए गए । श्री सुनील गुप्ता अध्यक्ष, श्री प्रवेश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, श्री विष्णु पाल बंसल, श्री जितेंद्र कुमार, श्री सत्यदेव सोलंकी, श्रीमती विमल श्रीमती रीमा त्यागी, श्री शिव शंकर गुप्ता एवं श्री अशोक छिब्बर निदेशक चुने गए ।

34. दिनांक 18 सितंबर 2023 को यूनाइटेड थ्रिफ्ट एंड क्रेडिट कोओपरेटिव सोसाइटी की वार्षिक आमसभा प्रशासक श्री राकेश कोहली जी की देख रेख में संस्कार भारती दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली पर संपन्न हुई ।

35. दिनांक 12 फरवरी 2024 को दिल्ली राज्य सहकारिता विभाग के नए पंजीयक श्री अनिल कुमार सिंह जी को क्रेडिट को-ओपरेटिव सोसाइटियों की समस्याओं के संदर्भ में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में रिकवरी की समस्या, ऋण सीमा बढ़ाना, ओडिटर और निर्वाचन अधिकारी की नियुक्तियां संबंधी समस्याओं के संदर्भ में ध्यान आकर्षित कराया गया ।

36. दिनांक 26 फरवरी 2024 को ई-पेक्स एवं खाद्यान्न भंडारण योजना के उद्घाटन कार्यक्रम में फेडरेशन के माध्यम से 50 क्रेडिट सोसाइटियों के 130 प्रतिनिधियों ।

37. दिनांक 2 मार्च 2024 को नेफकब ( नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ओप बैंक एंड क्रेडिट सोसायटी के द्वारा अर्बन कोओपरेटिव बैंको के लिए बनाई गई अंब्रेला आर्गेनाइजेशन के उद्घाटन के अवसर पर प्रगति मैदान के भारत मंडप में कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि श्री अमित शाह जी केन्द्रीय सहकारिता मंत्री भारत सरकार रहे । इस कार्यक्रम में फेडरेशन की 50 से अधिक सोसाइटियों के 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

38. दिनांक 8 मार्च 2024 को दिल्ली के आई.सी.ए.आर. पूसा इंस्टिट्यूट के सी सुब्रमण्यम सभागार में भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित सहकारी संस्थाओं के राष्ट्रीय डाटा बेस पोर्टल के उद्घाटन का कार्यक्रम संपन्न हुआ । जिसमें फेडरेशन के 30 से अधिक क्रेडिट सोसाइटियों के 120 सदस्यों ने भाग लिया ।

39. यूनाइटेड थ्रिफट एंड क्रेडिट सोसायटीज फेडरेशन ऑफ दिल्ली लिमिटेड द्वारा दिनांक 13 मार्च से 17 मार्च 2024 को सहकारी शिक्षा एंव भ्रमण कार्यक्रम के तहत नेपाल की शिर्ष सहकारी संस्थाओं का भ्रमण किया गया। जिसमे 14 सोसाइटियों के सहित 37 प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

40. नेपाल की शीर्ष सहकारी संस्था नेशनल को-ऑपरेटिव फेडरेशन ऑफ नेपाल, नेशनल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के सीनियर वाइस चेयरमैन श्री रमेश प्रसाद पोखरेल एवम नेशनल को-ऑपरेटिव बैंक के श्री मनोज जी द्वारा सभी प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत एवम अभिनंदन किया गया। स्वागत के पश्चात नेपाल मे सहकारिता की स्थिति के विषय में विस्तृत जानकारी नेपाल फेडरेशन के अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई। नेपाल मे कुल 31373 सहकारी संस्थाएं कार्यरत हैं जिसमे 7381218 सदस्य जुड़े हुए है। कुल 478 करोड़ की बचत राशि जमा है। 91310 कर्मचारी सहकारी संस्थाओं मे कार्यरत है। फेडरेशन के प्रतिनिधियों की नेपाल बचत और ऋण केंद्रीय सहकारी संघ के पदाधिकारी के साथ भेंट का कार्यक्रम भी बहुत ज्ञानवर्धक रहा।

41. दिनांक 23 मार्च 2024 को गांधी दर्शन राजघाट पर नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक एण्ड क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री लक्ष्मी दास जी का नागरिक अभिनंदन एवं होली का कार्यक्रम संपन्न हुआ

| | | |
|---|---|---|
| **सुनील गुप्ता**<br>अध्यक्ष | **प्रवेश कुमार गुप्ता**<br>उपाध्यक्ष | **विष्णु पाल बंसल**<br>महामंत्री |
| **शिव शंकर गुप्ता**<br>कोषाध्यक्ष | **रीमा त्यागी**<br>निदेशक | **विमल**<br>निदेशक |
| **अशोक छिब्बर**<br>निदेशक | **जितेन्द्र कुमार**<br>निदेशक | **सत्यदेव सोलंकी**<br>निदेशक |

UTCS
Federation of Delhi
At a Glance.....